# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पो0ऑ0रामनगर(नैनीताल) उत्तराखण्ड पिन कोड–244715

फोन नं0–05947–252276,254275

email:secy-ubse-uk@nic.in वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in

## राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025

**पत्रांकः उ0वि0शि0प0 वि0प0 / रा0गॉ0न0वि0प्र0प02025 / 98 / 2024–25 दिनांक 24 अक्टूबर 2024**

**::–विज्ञप्ति–::**

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांकः सेवा–2 / 3(घ) / 19(01) / 17100–08 / रा0गॉ0न0वि0 (प्र0प0) / 2024–25, दिनांक 19 अक्टूबर 2024 के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों के राजीव गाँधी नवोदय विद्यालयों में सत्र 2025–26 हेतु कक्षा 6 में प्रवेश चाहने वाले उत्तराखण्ड राज्य में निवास अध्ययन कर रहे छात्र–छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त के क्रम में प्रवेश परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा किया जा रहा है।

**राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय में सीटों की संख्या, क्षेत्रवार एवं लिंगवार आरक्षण निम्नवत् हैः–**

| जनपद | सीटें प्रति जनपद | क्षेत्रवार आरक्षण | लिंगवार आरक्षण |
|---|---|---|---|
| हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़, चम्पावत, अल्मोड़ा एवं नैनीताल | 60 | 80 प्रतिशत ग्रामीण<br>20 प्रतिशत शहरी | 50 प्रतिशत बलिकाओं हेतु आरक्षित |
| उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं ऊधमसिंह नगर | 30 | | |

जातिवार आरक्षण राज्य स्तर पर निर्धारित प्राविधानों / नीति के अनुसार अनुसूचित जाति को 19 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 4 प्रतिशत एवं अन्य पिछडा वर्ग को 14 प्रतिशत देय होगा।

**<u>प्रवेश हेतु पात्रता एवं शर्ते</u>**

1. छात्र / छात्रा जिस जनपद में कक्षा 5 में अध्ययनरत है, वह कक्षा 6 में प्रवेश हेतु **उसी जनपद में संचालित राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय के लिए अर्ह होगा।**
2. अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी जनपद में स्थित राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में **सत्र 2024–25 में कक्षा 5 में अध्ययनरत होना चाहिए।** ऐसा अभ्यर्थी जो कक्षा–5 पूर्ववर्ती शैक्षिक सत्रों में उत्तीर्ण / अध्ययन कर चुका है,चयन परीक्षा में बैठने के लिये पात्र नहीं है।
3. **01 अप्रैल 2025 को अभ्यर्थी की आयु 9 से 13 वर्ष के मध्य निर्धारित है,** अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 01अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2016 के मध्य होना चाहिए।जन्म तिथि में उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं। अभ्यर्थी के प्रमाण पत्र में दर्ज आयु एवं अधिक उम्र के सन्देह होने पर उन्हें आयु की प्रमाणिकता हेतु मेडिकल बोर्ड भेजा जा सकता है, ऐसी स्थिति में **मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।**
4. अभ्यर्थी द्वारा किसी सरकारी / सरकारी सहायता प्राप्त / मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 3, 4 व 5 में प्रत्येक वर्ष पूर्ण शिक्षा सत्र में अवश्य पढ़ाई की हो एवं उत्तीर्ण हुआ हो।
5. **शहरी अथवा ग्रामीण क्षेत्र का निर्धारण अभ्यर्थी के गत वर्षों एवं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यालयों के आधार पर किया जायेगा।**
   ग्रामीण क्षेत्रों से आशय उन अभ्यर्थियों से है, जिन्होंने गत तीनों कक्षाएं (क्रमशः कक्षा 3, 4 एवं 5) ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में पूरे सत्र भर सतत अध्ययन किया है। एक भी दिन शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थी को शहरी क्षेत्र का ही माना जायेगा।
6. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान (NIOS) से 31 मार्च 2025 तक या उससे पूर्व 'ब' प्रमाण पत्र दक्षता उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी भी प्रवेश परीक्षा में बैठने के योग्य होंगे अगर वे निर्धारित आयु सीमा (01 अप्रैल 2025 को 9 से 13 वर्ष के मध्य)में हों एसे **अभ्यर्थियों के ग्रामीण और शहरी अवस्थिति का निर्णय उनके माता–पिता के निवास की स्थिति के आधार पर किया जाएगा** इस हेतु उन्हें जिलाधिकारी / तहसीलदार / खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिससे यह पता चल सके कि वे सम्बन्धित क्षेत्र में तीन वर्षो से अध्ययनरत हैं एवं निवास कर रहे हैं।

## परीक्षा आवेदन प्रक्रिया एवं परीक्षा का स्वरूप

1. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड/उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय,राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय एवं प्रथमिक विद्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर(नैनीताल) की **वेबसाइट** www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM/UTET के कार्नर वाले आईकॉन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।पूरित आवेदन पत्र छात्र/छात्रा द्वारा अपने अध्ययनरत विद्यालय में दिनांक 16 दिसम्बर 2024 तक जमा किया जाएगा।विद्यालय द्वारा सभी प्राप्त आवेदन पत्र उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिनांक 30 दिसम्बर 2024 सोमवार तक जमा किये जायेंगे।
2. निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर उप शिक्षा अधिकारी द्वारा नामावली (बालक/बालिका अलग–अलग) निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर सॉफ्ट कॉपी (सी0डी0) एवं हार्ड कॉपी में दिनांक 20जनवरी 2025 तक परिषद् कार्यालय रामनगर,नैनीताल को उपलब्ध कराई जायेगी।
3. आवेदन पत्र उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुरक्षित रखे जायेंगे। उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आवेदन पत्रों में अनुक्रमांक आवंटित कर उन्हें परीक्षा से पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र को तथा प्रवेश पत्रों में अनुक्रमांक एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना कर परीक्षार्थियों को परीक्षा से पूर्व यथा समय उपलब्ध कराया जायेगा।
4. परीक्षा केन्द्र का निर्धारण उप शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र की सूचना उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
5. **प्रवेश परीक्षा दिनांक 09 मार्च 2025 (रविवार) के सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है। परीक्षा तिथि समय एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना प्रवेश पत्र में की जायेगी।** प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अभ्यर्थी को यथा समय उसके विद्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे।
6. प्रवेश परीक्षा का स्वरूप – प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र में तीन खण्ड होंगे । परीक्षा में 100 प्रश्न (मानसिक योग्यता के 50 प्रश्न, गणित के 25 प्रश्न एवं हिन्दी के 25 प्रश्न) होंगे। मानसिक योग्यता एवं गणित के प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी दोंनो भाषाओं में होंगे। प्रश्नों का स्तर प्राथमिक स्तर ( कक्षा 5 तक के स्तर ) के समान होगा। समान्य एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा क्रमशः न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। **उत्तर पत्रक के रूप में ओ0एम0आर0 का प्रयोग किया जायेगा।** प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। ऋणात्मक मूल्यांकन नही होगा। प्रश्नों/अंकों का विभाजन निम्नांकित तालिका के अनुसार होगा।

अन्य

| खण्ड | विषय वस्तु | प्रश्न/अंकों का विवरण | माध्यम |
|---|---|---|---|
| (क) | भाषा (हिन्दी) परीक्षा | 25 | हिन्दी |
| (ख) | गणित परीक्षा | 25 | हिन्दी/अंग्रेजी |
| (ग) | मानसिक योग्यता परीक्षा | 50 | हिन्दी/अंग्रेजी |
| | **योग** | **100** | |

### महत्वपूर्ण निर्देश

1. परीक्षा आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा अंकित सूचना को सही मानते हुये अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेंगा।प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के अधार पर चयन होने के उपरान्त अभ्यर्थी को प्रवेश तभी दिया जायेगा। जब वह कक्षा 5 उत्तीर्ण सहित अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र (यथा जाति ,निवास,जन्म/आयु प्रमाण पत्र) काउंसलिंग के समय संबन्धित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करेगा। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रमाण पत्रों की जॉच संबन्धित रा0गां0न0वि0 के प्राचार्य द्वारा की जायेगी।
2. प्रवेश प्रक्रिया की काउन्सलिंग के समय अभ्यर्थी को सम्बन्धित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य के समक्ष आवेदन पत्र में दी गई समस्त प्रविष्टियों के सापेक्ष मूल प्रमाण पत्र एवं कक्षा 5 उत्तीर्ण होने के प्रमाण पत्र को अनिवार्यतः उपलब्ध कराना होगा। आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण अथवा असत्य सूचना अंकित कर परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा वांछित सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र उपलब्ध न करा पाने की स्थिति में अभ्यर्थन/चयन स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।
3. कक्षा 6 में प्रवेश के संदर्भ में शासन द्वारा भविष्य में निर्गत शासनादेश के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया आच्छादित होगी।
4. परीक्षा की प्रस्तावित तिथि सहित परीक्षा से सम्बन्धित उक्त अन्य कार्यक्रमों मे परिर्वतन किया जा सकता है,ऐसी स्थिति में इसकी सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से उपलब्ध करा दी जायेगी।
5. प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नं. 05947254275 से सम्पर्क कर सकते है।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर(नैनीताल)

## उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)
## राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025(सत्र 2025–26 हेतु)
## नामावली का प्रारूप (बालकों हेतु)

**जनपद (कोड सहित)..................................विकास खण्ड (कोड सहित)....................................**

**परीक्षा केन्द्र का नाम.........................................................................................................**

| क्र0 सं0 | छात्र का नाम | पिता का नाम | माता का नाम | जन्मतिथि की अंकना **Times New Roman Font** मे ही निम्नानुसार अनिवार्यतः की जाय। (उदाहरण– **01/07/2003** (DD/MM/YYYY) | लिंग (M) | जाति GEN-1 OBC-2 SC-3 ST-4 | विद्यालय क्षेत्र ग्रामीण–R शहरीय–U | विद्यालय का प्रकार राजकीय–1 सवित्त मान्यता प्राप्त –2 वित्तविहीन मान्यता प्राप्त–3 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| कुल छात्रों की संख्या | | | | | | | | |

हस्ताक्षर निर्माता
नाम–
पदनाम–

हस्ताक्षर जाँचकर्ता
नाम–
पदनाम–

हस्ताक्षर उप शिक्षा अधिकारी
दिनांक–
मुहर

.........................................................................................................................

## उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)
## राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025(सत्र 2025–26 हेतु)
## नामावली का प्रारूप (बालिकाओं हेतु)

**जनपद (कोड सहित)..................................विकास खण्ड (कोड सहित)....................................**

| क्र0 सं0 | छात्रा का नाम | पिता का नाम | माता का नाम | जन्मतिथि (उदाहरण– 01/07/2003) (DD/MM/YYYY) | लिंग (F) | जाति GEN-1 OBC-2 SC-3 ST-4 | विद्यालय क्षेत्र ग्रामीण–R शहरीय–U | विद्यालय का प्रकार राजकीय–1 सवित्त मान्यता प्राप्त –2 वित्तविहीन मान्यता प्राप्त –3 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| कुल छात्राओं की संख्या | | | | | | | | |

हस्ताक्षर निर्माता
नाम–
पदनाम–

हस्ताक्षर जाँचकर्ता
नाम–
पदनाम–

हस्ताक्षर उप शिक्षा अधिकारी
दिनांक–
मुहर–

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)
# राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025
# (सत्र 2025–26 हेतु)
# नामावली निर्माण हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

1. बालक एवं बालिकाओं हेतु अलग–अलग नामावली तैयार की जायेगी,जिसे निर्माणकर्ता जॉचकर्ता एवं उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर के उपरांत परिषद् को उपलब्ध कराया जायेगा। नामावली में उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर होने अनिवार्य है, बिना हस्ताक्षरित नामावली स्वीकार नहीं की जायेगी।
2 .नामावली निर्धारित प्रारूप पर MICROSFT EXCEL में तैयार की जायेगी।
3 .फोल्डर एवं फाइल का नाम RGNV-BLOCK NAME-2025 रखा जाय।
4. नामावली तैयार करते समय कॉलम संख्या 2,3,4, की अंकना हिन्दी फॉन्ट Kruti Dev 010 फॉन्ट साईज' 14' तथा अन्य कॉलम (5,6,7,8 & 9) की अंकना हेतु अंग्रेजी **Times New Roman** फॉन्ट साईज'12'का प्रयोग करें।
5. कॉलम संख्या 5 की अंकना **DD/MM/YYYY** में करें अर्थात यदि किसी छात्र की जन्मतिथि 01 जुलाई 2003 है तो उसकी अंकना **01/07/2003** के रूप में की जायेगी।
6. कॉलम संख्या 6 में छात्र के लिए **M** तथा छात्रा के लिए **F** टाईप करें।
7 .कॉलम संख्या 7 में सामान्य वर्ग के लिए 1, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 2.अनुसूचित जाति के लिए 3. अनुसूचित जनजाति के लिए 4 अंकित करें।
8. कॉलम संख्या 8 में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्रा के लिए R तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्रा के लिए U अंकित करें ।
9. कॉलम संख्या 9 में राजकीय विद्यालयों के लिए 1, सवित्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए 2.तथा वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए 3 अंकित करें।
10.आवेदन पत्र का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के उपरान्त ही **छात्र/छात्रा के जाति,लिंग जन्मतिथि एवं विद्यालय का प्रकार (राजकीय/सवित्त/वित्तविहीन मान्यता प्राप्त) एवं विद्यालय की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्थिति का नामावली में स्पष्ट एवं सही अंकना करें,क्योकि इनके आधार पर ही प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं का अंतिम रूप से चयन होता है।**
11.नामावली सॉफ्ट कापी (सी0डी0),बालक एवं बालिका की अलग–अलग प्रतियों में हार्ड तथा सॉफ्ट कॉपी में निर्धारित अंतिम तिथि 20 जनवरी 2025(सोमवार) तक अनिवार्यः परिषद् को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

    सूचना secy-ubse-uk@nic.in पर भी मेल के माध्यम से प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों/नामावली पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।
12. **आवेदन–पत्र परिषद् कार्यालय को कदापि न भेजें इन्हें अपने कार्यालय में ही सुरक्षित रखें।** परिषद् द्वारा अनुक्रमांक आवंटन के बाद नामावली संबन्धित विकास खण्ड के उप शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी,जिसके आधार पर उप शिक्षा अधिकारी स्तर से आवेदन पत्रों में अनुक्रमांक आवंटित कर उन्हें परीक्षा से पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र को उपलब्ध कराया जायेगा। इसी प्रकार उप शिक्षा अधिकारी स्तर से प्रवेश पत्रों में अनुक्रमांक एवं परीक्षा केन्द्र की अंकना कर परीक्षार्थी को परीक्षा से पूर्व ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

**आवेदकों की बड़ी संख्या एवं समय सीमित होने के कारण आवेदन पत्रों एवं नामावली में अंकित सूचना की जॉच परिषद् स्तर पर सम्भव नही है,अतः विकास खण्ड स्तर पर सीमित संख्या होने के कारण इसकी गम्भीरतापूर्वक जॉच कर लें । यदि इसमें त्रुटि पायी जाती है तथा इससे चयन प्रक्रिया में कोई प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होगी तो इसके लिए सम्बन्धित विकास खण्ड के उप शिक्षा अधिकारी पूर्णतः उत्तरदायी होंगें।**

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,रामनगर (नैनीताल)।

## राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025

## सत्र 2025–26 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु

## आवेदन पत्र

1. जनपद का नाम (जहॉ विद्यार्थी अध्ययनरत है) ______ 2. जनपद कोड ☐☐☐

3. विकास खण्ड का नाम (जहॉ विद्यार्थी अध्ययनरत है) ______ 4.विकास खण्ड का कोड ☐☐

5. अनुक्रमांक– ☐☐☐☐☐☐☐☐☐

(क्रमांक 2,4एवं 5की सूचना उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भरी जायेगी)

पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो जो प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित हो चिपकाएं।

6. परीक्षार्थी का नाम (क) हिन्दी में ..............................................................

(ख) अंग्रेजी में (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)

☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

(परीक्षार्थी के नाम में दो या दो से अधिक शब्द होने पर दो शब्दों के मध्य एक खाना रिक्त होना चाहिए)

7. दिए गये बॉक्स में से जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें।

(क) लिंग –

| बालक | M | | बालिका | F |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

(ख) वर्ग –

| सामान्य | 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 2 | अनु जाति | 3 | अनु जनजाति | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

(यदि अभ्यर्थी अन्य पिछड़ा वर्ग, अनु.जाति अथवा अनु. जनजाति का हो तो वह सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें)

8. जन्मतिथि – (क) अंकों में DD MM YYYY ☐☐ ☐☐ ☐☐☐☐ (ख) शब्दों में ..............................................

(आवेदक की आयु 01 अप्रैल 2025 की न्यूनतम 09 वर्ष एवं अधिकतम 13 वर्ष होनी चाहिए अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 01अप्रैल 2012 से 31मार्च 2016 के मध्य होना चाहिए। दोनों तिथियां भी सम्मिलित है।)

9. पिता का नाम– श्री ..............................................................

10. माता का नाम– श्रीमती ..............................................................

11. पत्र व्यवहार का पता– ..............................................

..............................................

..............................................

12. स्थायी पता – ..............................................

..............................................

..............................................

दूरभाष नं0 कोड सहित – ..............................

मोबाइल न0 – ..............................................

13. विद्यालय का नाम जहॉ पर विद्यार्थी कक्षा–5 में अध्ययनरत है (विकास खण्ड एवं जनपद सहित)

..............................................................................................................

14. वर्तमान (जहॉ कक्षा 5 में अध्ययनरत है) विद्यालय का प्रकार (जो लागू हो उस बॉक्स में सही (√) का चिह्न लगायें)–

| राजकीय | 1 | सवित्त मान्यता प्राप्त | 2 | वित्त विहीन मान्यता प्राप्त | 3 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

15. क्या उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थाई निवासी हैं(जो लागू हो उस बॉक्स में सही(√) का चिह्न लगायें)–

| हॉ | | नहीं | |
|---|---|---|---|

16.निम्नलिखित तालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय अभिलेखानुसार स्वयं पूर्ण रूप से भरी जाय। तालिका के क्रमांक 4 में सूचनाऐं 'हॉ' अथवा 'नही'में भरी जानी है।

(अभ्यर्थी द्वारा कक्षा 3,4,एवं 5 में प्रत्येक वर्ष पूर्ण शिक्षा सत्र में अवश्य पढ़ाई की हो एवं उत्तीर्ण हुआ हो)

| क्रमांक | विवरण | कक्षा–3 | कक्षा–4 | कक्षा–5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवेश होने का माह व वर्ष | | | |
| 2 | उत्तीर्ण होने का माह व वर्ष | | | मार्च 2025 |
| 3 | विद्यालय का नाम | | | |
| 4 | क्या विद्यालय मान्यता प्राप्त है | | | |
| 5 | गॉव अथवा शहर का नाम जहॉ विद्यालय स्थित है | | | |
| 6 | विकासखण्ड/नगर क्षेत्र का नाम | | | |
| 7 | जनपद का नाम | | | |
| 8 | विद्यालय की श्रेणी (ग्रामीण/शहरी) | | | |

17. उपरोक्त तालिका 16 के क्रमांक 8 के आधार पर अभ्यर्थी के विद्यालय की श्रेणी ग्रामीण/शहरी का निर्धारण कर सही खाने के भीतर सही (√) का चिह्न लगायें।

(एक भी दिन शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थी को शहरी क्षेत्र का माना जाएगा)

| ग्रामीण | R | | शहरी | U |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

(नोटः–एन0आई0ओ0एस0के अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में क्षेत्र का निर्धारण अभ्यर्थी के माता–पिता के निवास के आधार पर किया जाएगा।)

## घोषणा

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियां सत्य हैं। किसी प्रकार की सूचना असत्य पाये जाने की स्थिति में मेरा/मेरे पुत्र/पाल्य का अभ्यर्थन निरस्त किये जाने पर पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर ....................................

दिनांक–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ....................................

दिनांक–

## विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य का प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि छात्र/छात्रा ..........................................................................वर्तमान में इस विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत है। छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र में अंकित सम्पूर्ण प्रविष्टियों की जाँच भली–भाँति कर ली गई है तथा विद्यालय के अभिलेखानुसार इन्हें सत्यापित किया जाता है।

**प्रतिहस्ताक्षरित**

**प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर दिनांक सहित**

नाम–

**उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर दिनांक सहित**

मुहर–

**मुहर**–नाम–

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

## राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2025–26

## प्रवेश–पत्र

अनुक्रमांक

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

जनपद का नाम एवं कोडः.................................................................. | | | |

विकास खण्ड का नाम एवं कोडः .................................................................. | | |

पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो जो प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित हो चिपकाएं।

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नामः ..................................................................

पिता का नामः श्री ..................................................................

माता का नामः श्रीमती..................................................................

जन्मतिथि (अंकों में)......../............/............(शब्दों में)..................................................................

लिंगः...........................वर्ग(जाति)...........................विद्यालय का क्षेत्र..................................................................

विद्यालय का नाम जनपद सहित..................................................................
(जहॉ पर विद्यार्थी वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत है)

---

(खण्ड/उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भरा जायेगा )

आवंटित परीक्षा केन्द्र का नाम ..................................................................

जहाँ से अभ्यर्थी को रा0गॉ0न0वि0 की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 2025–26 में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाती है।

परीक्षा की तिथि – 09 मार्च, 2025,रविवार

समय – **प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक।**

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ............................................
(परीक्षाकाल में)

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर ..................................
दिनांक–

**उप शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर**

दिनांक–

मुहर–